अस्पताल का दर्जा बढ़ाना

17 **श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा) एम.एल.ए. :**

14/17/86

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या समालखा के सरकारी अस्पताल का दर्जा 50 बेड से 100 बेड तक बढाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढाये जाने की संभावना है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त अस्पताल में उपकरणों की कमी है; यदि हां, तो इन उपकरणों को कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है; तथा

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त अस्पताल में डॉक्टरों तथा चिकित्सा अमले के पद रिक्त पडे हैं; यदि हां, तो इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है तथा उसका विवरण क्या है?

अनिल विज, स्वास्थ्य मंत्री

(क) नहीं, श्रीमान जी।

(ख) नहीं, श्रीमान जी। उक्त अस्पताल में उपकरणों कोई कमी नहीं है, उक्त स्वास्थ्य सुविधा पर विभिन्न आवश्यक उपकरणों जैसे एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, एक्स–रे मशीन, मल्टी पैरा मॉनिटर्स, ओटी टेबल, ओटी लाईट सेल काउंटर, सेमी ऑटो एनालाइजर, रेडिएंट वार्मर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर आदि पहले से ही उपलब्ध हैं।

(ग) नहीं, श्रीमान जी। 50 बिस्तरीय अस्पताल समालखा में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की स्थिति इस प्रकार से है :–

क0संख्या	पद का नाम	स्वीकृत	भरे हुए	खाली
1.	वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी	2	2	0
2.	चिकित्सा अधिकारी	11	7	4
3.	दन्तक सर्जन	1	1	0
4.	वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर	2	2	0

5.	नर्सिंग ऑफिसर	17	15	2
6.	फार्मेसी ऑफिसर	3	1	2
7.	तकनीशियन ऑफिसर	4	3	1
8.	रेडियोलोजी ऑफिसर	2	2	0
9.	नेत्र सहायक	1	0	1
10.	ओ0टी0ए0	2	2	0
11.	ई0सी0जी0 तकनीशियन	1	1	1